प्रिय माता-पिता/अभिभावक,

टोरंटो स्कूल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ने माता-पिता और अभिभावकों द्वारा एजेंडा, इयरबुक और क्लास ट्रिप के पैसे समेत स्कूल फीस जमा कराने के लिए एक इस्तेमाल में आसान, सुरक्षित और सुविधाजनक स्कूल कैश ऑनलाइन (School Cash Online) सुविधा शुरू की है। स्कूल कैश ऑनलाइन हमारे स्कूल के लिए [insert date] वाले हफ़्ते में शुरू हो जाएगी।

आप के बच्चे पर लागू सभी फ़ीस स्कूल कैश ऑनलाइन पर पोस्ट कर दी जाएगी। रजिस्टर करने के बाद आप क्रेडिट या डेबिट कार्ड द्वारा किसी भी सामान या गतिविधि के पैसे भर सकते हैं। स्कूल द्वारा खरीदने के लिए ऑनलाइन पोस्ट किए गए किसी भी नए सामान को आप देख पाएंगे और जब भी आप के बच्चे को स्कूल की किसी भी गतिविधि के लिए पैसे भरने होंगे, तो अगर आप चाहें तो आप को सूचित कर दिया जाएगा।

[insert date] वाले हफ़्ते में रजिस्ट्रेशन खुलेंगे। स्कूल कैश ऑनलाइन में रजिस्टर करने के लिए कृपया https://tdsb.schoolcashonline.com, पर जाएं, "Get Started Today" ("आज ही शुरू करें") चुनें और रजिस्ट्रेशन के तीन स्टेप्स पूरे करें। अधिक जानकारी के लिए, इस पत्र के साथ संलग्न हैण्डआउट देखें। जब आप रजिस्टर कर लेंगे तो सामान ऑनलाइन उपलब्ध होने पर आप के पास ईमेल द्वारा सूचना आ जाएगी।

यदि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में या स्कूल कैश ऑनलाइन के उपयोग के बारे में आप के कुछ प्रश्न हैं, तो कृपया स्कूल कैश ऑनलाइन के वेब पेज के ऊपर "Get Help" **("मदद लें")** विकल्प चुनें। आप स्कूल कैश ऑनलाइन के पैरेंट हेल्प डेस्क को 1-866-961-1803 पर और parenthelp@schoolcashonline.com पर संपर्क कर सकते हैं। पैरेंट हेल्प डेस्क माता-पिता/अभिभावकों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, पासवर्ड रिकवरी, अपने अकाउंट में जाने या भुगतान के मामलों में मदद करने के लिए उपलब्ध है।

भवदीय,

[Principal's name]